समाचार

निगम द्वारा लगातार किया जा रहा सेनेटाईजेशन कार्य

(कोरोना संक्रमण प्रसार को रोकने उठाए जा रहे सभी एहतियाती कदम)

कोरबा 09 अप्रैल 2021 –कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करते हुए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज भी विभिन्न आवासीय क्षेत्रों, शासकीय कार्यालयों, अस्पतालों व सार्वजनिक स्थानों में सेनेटाईजेशन का कार्य किया गया। निगम के स्वच्छता विभाग के अमले ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर इन सभी स्थानों को सेनेटाईज कराया।

कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के मार्गदर्शन में कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने की दिशा में प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन के दिशा निर्देशन में निगम द्वारा इस दिशा में किए जा रहे अन्य कार्यो के साथ–साथ शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, अस्पतालों, आवासीय क्षेत्रों, व्यवसायिक परिसरों आदि में सेनेटाईजेशन का कार्य लगातार कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, जिला अस्पताल, सी.एम.एच.ओ.कार्यालय एवं विभिन्न अस्पतालों, जनपद कार्यालय, नगर निगम कार्यालय साकेत, शिवाजीनगर, एम.पी.नगर, विभिन्न सुलभ शौचालय, इतवारी बाजार, बुधवारी बाजार, निगम के सभी जोन कार्यालय, कोतवाली, पुलिस चौकी, गायत्री मंदिर से टी.पी.नगर स्थित व्यवसायिक क्षेत्र एवं टी.पी.नगर से कोरबा शहर सप्तदेव मंदिर तक स्थित व्यवसायिक क्षेत्र सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों, कार्यालयों को सेनेटाईज किया गया।